Recruitment of 4000 Gramsevaks soon in Rajasthan

जयपुर। राजस्थान के ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री सुरेन्द्र गोयल ने डूंगरपुर जिले के दौरे में मीडिया को बताया कि पंचायतीराज विभाग 4 हजार ग्रामसेवकों की भर्ती करने जा रहा है और इसके लिए शीघ्र ही विज्ञप्ति निकाली जाएगी।

गोयल ने प्रदेश में नरेगा योजना के क्रियान्वयन की तारीफ करते हुए कहा कि राजस्थान नरेगा योजना में देश के अन्य राज्यों से कई गुना बेहतर काम कर रहा है और वर्तमान में योजना के तहत 30 लाख लोगों को रोजगार मिल रहा है। डूंगरपुर में जिला परिषद के माध्यम से हुई थर्ड ग्रेड शिक्षक भर्ती परीक्षा 2013 की मेरिट लिस्ट में गडबडी के सवाल पर मंत्री ने कहा कि मामले की जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।